समाचार

# ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि में वृद्धि

(अब 23 सितम्बर तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे)

कोरबा 17 सितम्बर 2019 –राज्य शासन द्वारा सार्वभौम पी.डी.एस. के अंतर्गत सामान्य ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है, अब 23 सितम्बर 2019 तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में लगाए जा रहे राशन कार्ड वितरण एवं आवेदन पत्र वितरण शिविरों में अब ए.पी.एल.राशन कार्ड के आवेदन पत्र 23 सितम्बर तक प्राप्त किए जा सकेगें।

राज्य शासन द्वारा सार्वभौम पी.डी.एस. के अंतर्गत सामान्य ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि पूर्व में 17 सितम्बर 2019 निर्धारित की गई थी, अब राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि में वृद्धि की गई है, जिसके अनुसार 23 सितम्बर 2019 तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित कार्यक्रमानुसार बी.पी.एल.राशन कार्ड वितरण एवं ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं, इन शिविरों में अब ए.पी.एल. राशन कार्ड हेतु आवेदन पत्र 23 सितम्बर तक प्राप्त किए जा सकेंगे।